*(c)* दिल्ली का कोई स्थायी निवासी जो उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से सूचना माँग रहा हो

*(d)* कोई किन्नर (ट्रांसजेंडर) जो व्यवसाय करने के अपने अधिकारों के विषय में सूचना की माँग कर रहा हो

**40.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबंधों के अनुसार, कोई सार्वजनिक प्राधिकारी

*(a)* यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य **नहीं** है कि सभी अभिलेख जो कम्प्यूटरीकरण के लिए उपयुक्त हैं, संसाधनों की उपलब्धता के अधीन, उचित समय में कम्प्यूटरीकृत कर लिए जाएँ

*(b)* निश्चित समय-सीमा के अंतर्गत अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निर्देशिका प्रकाशित करने के लिए बाध्य **नहीं** है

*(c)* सभी सामग्री को केवल स्थानीय भाषा में प्रचारित करने के लिए बाध्य **नहीं** है

*(d)* प्रभावित लोगों को अपने प्रशासनिक अथवा न्यायिक-कल्प निर्णयों के कारणों को बताने के लिए बाध्य **नहीं** है

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** Which one of the following is ***not*** a direct benefit of 'group farming' schemes such as 'Kudumbashree' in Kerala and 'Andhra Pradesh Mahila Samatha Society'?

*(a)* They have brought substantial uncultivated land under farming

*(b)* They have increased food security among participating households

*(c)* They have generated additional employment

*(d)* They have facilitated acquisition of land by the Government

**42.** Which one of the following Acts, administered by the Department of Industrial Policy and Promotion, does ***not*** relate to protection of the Intellectual Property Rights in India?

*(a)* The Trade and Merchandize Marks Act, 1958 (43 of 1958)

*(b)* The Patents Act, 1970 (39 of 1970)

*(c)* The Essential Commodities Act, 1955 (10 of 1955)

*(d)* The Designs Act, 2000 (16 of 2000)

**43.** Which one of the following statements with regard to the Mazagon Dock Limited, Garden Reach Shipbuilders and Engineers Limited, Goa Shipyard Limited and Hindustan Shipyard Limited is ***not*** correct?

*(a)* They are public sector undertakings.

*(b)* They are capable of making certain types of ships and other marine vessels.

*(c)* They receive regular budgetary support from the Ministry of Defence.

*(d)* They are subject to audit by the Comptroller and Auditor General of India.

**44.** Which one of the following statements with regard to reservation is correct?

*(a)* The ceiling of 50% fixed for total reservations is not applicable when 3% posts are reserved in public services for persons with physical disability.

*(b)* No special courts can be established in view of equality clause.

*(c)* A reserved category candidate has a right to relaxation in qualifications.

*(d)* A reserved category candidate must always be considered against the reserved posts only.

**45.** Consider the following statements about Money Bill :

1. Under the Constitution of India, a Money Bill cannot be returned to the House by the President for reconsideration.

2. Provision of Article 108 of the Constitution of India is applicable to a Money Bill.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, केरल में 'कुटुम्बश्री' तथा 'आंध्र प्रदेश महिला समता सोसाइटी' जैसी 'समूह कृषि' योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ **नहीं** है?

*(a)* इन्होंने बड़े पैमाने पर अकृष्ट भूमि को कृषि के अधीन किया है

*(b)* इन्होंने सहभागी परिवारों के बीच खाद्य सुरक्षा को बढ़ाया है

*(c)* इन्होंने अतिरिक्त रोजगार उत्पन्न किया है

*(d)* इन्होंने सरकार द्वारा भूमि का अधिग्रहण किए जाने को सुकर बनाया है

**42.** औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग द्वारा प्रशासित निम्नलिखित अधिनियमों में से कौन-सा एक, भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण से संबंध **नहीं** रखता है?

*(a)* व्यापार और पण्य वस्तु चिह्न अधिनियम, 1958 (1958 का 43)

*(b)* पेटेंट अधिनियम, 1970 (1970 का 39)

*(c)* आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10)

*(d)* डिजाइन अधिनियम, 2000 (2000 का 16)

**43.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक, मझगाँव डॉक लिमिटेड, गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स ऐंड इंजीनियर्स लिमिटेड, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के बारे में सही **नहीं** है?

*(a)* ये सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम हैं।

*(b)* ये कुछ प्रकार के पोत तथा अन्य समुद्री जहाजों को बनाने का सामर्थ्य रखते हैं।

*(c)* इन्हें रक्षा मंत्रालय से नियमित बजटीय समर्थन प्राप्त होता है।

*(d)* ये भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा किए जाने के अधीन हैं।

**44.** आरक्षण के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कुल आरक्षणों के लिए नियत 50% की अधिकतम सीमा तब लागू नहीं होगी जब लोक सेवाओं में 3% पद शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के लिए आरक्षित हों।

*(b)* समता खंड को ध्यान में रखते हुए विशेष न्यायालयों की स्थापना नहीं की जा सकती।

*(c)* किसी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को अर्हताओं में छूट का अधिकार है।

*(d)* किसी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी का सदैव केवल आरक्षित पदों के लिए ही विचार किया जाना चाहिए।

**45.** धन विधेयक के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान के अधीन, राष्ट्रपति किसी धन विधेयक को पुनर्विचार के लिए सदन को नहीं लौटा सकता।

2. भारत के संविधान के अनुच्छेद 108 का उपबंध धन विधेयक पर लागू होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. Under which of the following grounds, the President may convene a joint sitting of Parliament?

1. If a Bill passed by one House is rejected by the other House

2. More than six months lapse from the date of receipt of the Bill by the other House without the Bill being passed by it

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

47. As per the provisions of the Right to Information Act, 2005, in which one of the following languages a request for information ***cannot*** be made?

*(a)* English

*(b)* Hindi

*(c)* Any language spoken by the applicant

*(d)* The official language of the area

48. Which one of the following statements is correct with regard to the Right to Information Act, 2005?

*(a)* An illiterate person cannot seek information.

*(b)* An applicant seeking information must give reasons for making the application.

*(c)* Every applicant must make an application with the prescribed fee except in some cases.

*(d)* An applicant seeking information must give all personal details while making the application.

49. Which one of the following writs can be issued against a person who is illegally occupying a public office?

*(a)* Certiorari

*(b)* Mandamus

*(c)* Quo warranto

*(d)* Prohibition

50. Which ministry/office is piloting the initiative on development of Smart Cities in India?

*(a)* Ministry of Urban Development

*(b)* Ministry of Social Justice and Empowerment

*(c)* Prime Minister's Office

*(d)* Ministry of Finance

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** निम्नलिखित में से किस/किन आधार/आधारों पर राष्ट्रपति संसद की संयुक्त बैठक बुला सकता है?

1. यदि एक सदन द्वारा पारित विधेयक, दूसरे सदन द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया हो
2. दूसरे सदन द्वारा विधेयक प्राप्त करने की तिथि से उसके द्वारा विधेयक पारित किए बिना छह मास से अधिक बीत गए हों

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**47.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबंधों के अनुसार, सूचना के लिए निवेदन निम्नलिखित में से किस एक भाषा में **नहीं** किया जा सकता?

*(a)* अंग्रेजी

*(b)* हिन्दी

*(c)* आवेदक द्वारा बोली जाने वाली कोई भाषा

*(d)* उस क्षेत्र की राजभाषा

**48.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* कोई निरक्षर व्यक्ति सूचना नहीं माँग सकता।

*(b)* सूचना माँगने वाले आवेदक को आवेदन करने के कारणों को अवश्य बताना होगा।

*(c)* कुछ मामलों के सिवाय, प्रत्येक आवेदक को निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना होगा।

*(d)* सूचना माँगने वाले आवेदक को आवेदन करते समय अपना संपूर्ण व्यक्तिगत ब्यौरा देना होगा।

**49.** निम्नलिखित रिटों में से कौन-सा एक, उस व्यक्ति के विरुद्ध जारी किया जा सकता है जो अवैध रूप से लोक पद पर बना हुआ है?

*(a)* उत्प्रेषण

*(b)* परमादेश

*(c)* अधिकार-पृच्छा

*(d)* प्रतिषेध

**50.** निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्रालय/कार्यालय, भारत में स्मार्ट शहरों (सिटी) के विकास के विषय में उपक्रमण का संचालन कर रहा है?

*(a)* शहरी विकास मंत्रालय

*(b)* सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

*(c)* प्रधानमंत्री कार्यालय

*(d)* वित्त मंत्रालय

Prepp
Your Personal Exams Guide

51. Suppose, an issue concerning celebration of some traditional festivals in Puducherry (Pondicherry) and Goa has cropped up. It has the potential of affecting India's relations with France and Portugal respectively. Which one of the following would handle the issue?

(a) Ministry of External Affairs

(b) Ministry of Culture

(c) Cabinet Secretariat

(d) Ministry of Home Affairs

52. Which one of the following statements with regard to writ of habeas corpus is correct?

(a) It can be issued in case of a foreigner who is in India.

(b) The principle of *laches* is applicable for this writ.

(c) The principle of *res judicata* is applicable for this writ.

(d) It can be issued after a person has been released from prison.

53. Who among the following does ***not*** hold office at the pleasure of the President of India?

(a) A Civil Servant

(b) A Union Minister

(c) A Judge of the High Court

(d) The Attorney General of India

54. According to the provisions of the Right to Information Act, 2005, which one of the following statements is ***incorrect***?

(a) Where an application is made to a public authority requesting for an information which is held by another public authority, the public authority to which the application is made shall transfer that application to that other public authority not later than five days from the date of receipt of the application.

(b) The information sought by an applicant must be given within thirty days of receipt of the request unless the request is refused.

(c) The information can be refused in certain cases.

(d) The information relating to life and liberty must be given within one week of the receipt of request.

55. Which one of the following statements is ***incorrect*** under the Right to Information Act, 2005?

(a) If an information is not supplied within specified time, it shall be presumed that the request for information has been refused under Section 7(2) of the Act.

(b) If a request for information is deemed to have been refused under Section 7(2) of the Act, it shall be supplied free of cost.

(c) If a request for information has been refused under Section 7(1) of the Act, reasons for such rejection need not be communicated.

(d) Every communication relating to refusal of request for information under Section 7(1) of the RTI Act, 2005 must be accompanied by the particulars of the appellate authority.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** मान लीजिए कि पुदुच्चेरी (पांडिचेरी) तथा गोआ में कुछ पारंपरिक त्यौहारों के समारोह से संबंधित कोई मुद्दा उत्पन्न हो गया है। इसमें क्रमशः फ्रांस और पुर्तगाल के साथ भारत के संबंधों को प्रभावित करने की संभाव्यता है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, इस मुद्दे के संबंध में कार्य करेगा?

*(a)* विदेश मंत्रालय

*(b)* संस्कृति मंत्रालय

*(c)* मंत्रिमंडल सचिवालय

*(d)* गृह मंत्रालय

**52.** बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* इसे किसी विदेशी के, जो कि भारत में हो, मामले में जारी किया जा सकता है।

*(b)* अतिविलंब का सिद्धांत इस रिट के लिए लागू होता है।

*(c)* पूर्व न्याय का सिद्धांत इस रिट के लिए लागू होता है।

*(d)* यह किसी व्यक्ति के कारागार से निर्मुक्त किए जाने के पश्चात् जारी किया जा सकता है।

**53.** निम्नलिखित में से कौन भारत के राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण **नहीं** करता?

*(a)* सिविल सेवक

*(b)* संघ का मंत्री

*(c)* उच्च न्यायालय का न्यायाधीश

*(d)* भारत का महान्यायवादी

**54.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के उपबंधों के अनुसार, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक **गलत** है?

*(a)* जहाँ किसी लोक प्राधिकारी को उस सूचना के लिए आवेदन किया गया है, जो किसी अन्य लोक प्राधिकारी के पास है, तो वह लोक प्राधिकारी जिसको कि आवेदन किया गया है, आवेदन प्राप्त होने की तिथि से अधिक-से-अधिक पाँच दिनों के अंदर वह आवेदन उस अन्य लोक प्राधिकारी को हस्तांतरित कर देगा।

*(b)* आवेदक द्वारा माँगी गयी सूचना, अनुरोध प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर दे दी जानी चाहिए, यदि अनुरोध को मना नहीं किया गया है।

*(c)* कतिपय मामलों में सूचना देने से मना किया जा सकता है।

*(d)* प्राण एवं स्वतंत्रता से संबंधित सूचना अनुरोध प्राप्त होने के एक सप्ताह के अंदर दे दी जानी चाहिए।

**55.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक **गलत** है?

*(a)* यदि विनिर्दिष्ट समय के अंदर सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो यह मान लिया जाएगा कि सूचना के लिए किए गए अनुरोध को इस अधिनियम की धारा 7(2) के अधीन इंकार कर दिया गया है।

*(b)* यदि सूचना के लिए किए गए अनुरोध को इस अधिनियम की धारा 7(2) के अधीन इंकार किया हुआ माना गया है, तो इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

*(c)* यदि सूचना के लिए किए गए अनुरोध को इस अधिनियम की धारा 7(1) के अधीन इंकार किया गया है, तो ऐसी नामंजूरी के कारणों को संसूचित करना आवश्यक नहीं है।

*(d)* सूचना के लिए किए गए अनुरोध के RTI अधिनियम, 2005 की धारा 7(1) के अधीन इंकार किए जाने से संबंधित प्रत्येक संसूचना के साथ अपीलीय प्राधिकारी के विवरण अवश्य दिए जाने चाहिए।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**56.** Which of the following is/are envisaged to be included in a fully operational Health Information System (HIS)?

1. Universal registration of births and deaths
2. Nutritional surveillance particularly among women and children
3. Disease surveillance to detect and act on disease outbreaks and epidemics

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 only

**57.** Which one of the following ministries would you apply to for obtaining an industrial license under the provisions of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951 (65 of 1951)?

*(a)* Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises

*(b)* Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises

*(c)* Ministry of Labour and Employment

*(d)* Ministry of Commerce and Industry

**58.** You want to obtain some information under the Right to Information Act, 2005 regarding the Direct Benefits Transfer Scheme. The Public Information Officer (PIO) of which ministry/department should you address your application to?

*(a)* Ministry of Labour and Employment

*(b)* Department of Revenue

*(c)* Department of Expenditure

*(d)* Department of Disinvestment

**59.** By signing the Land Boundary Agreement in June 2015, India has settled its boundary with which one of the following countries?

*(a)* Bangladesh

*(b)* Myanmar

*(c)* Bhutan

*(d)* Pakistan

**60.** Consider the following statements regarding assent of the President on a Bill passed by Lok Sabha and Rajya Sabha :

1. The President can give assent or withhold assent to a Bill.
2. The President is not bound to give assent to Constitutional Amendment Bill.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**56.** पूरी तरह चल रही स्वास्थ्य सूचना प्रणाली (HIS) में निम्नलिखित में से किसे/किन्हें शामिल करने का ध्यान रखा जाता है?

1. जन्म एवं मृत्यु का सार्वभौम पंजीकरण
2. विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में पोषण-परक निगरानी
3. बीमारियों के प्रकोप तथा महामारियों का पता लगाने एवं उनके बारे में कार्रवाई करने के लिए रोग निगरानी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 1

**57.** उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) के उपबंधों के अधीन कोई औद्योगिक अनुज्ञप्ति (इंडस्ट्रियल लाइसेंस) प्राप्त करने हेतु आप निम्नलिखित में से किस एक मंत्रालय में आवेदन करेंगे?

*(a)* भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय

*(b)* सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

*(c)* श्रम तथा रोजगार मंत्रालय

*(d)* वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय

**58.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के संदर्भ में आप कोई सूचना प्राप्त करना चाहते हैं। आपको किस मंत्रालय/विभाग के लोक सूचना अधिकारी (PIO) को अपना आवेदन संबोधित करना चाहिए?

*(a)* श्रम तथा रोजगार मंत्रालय

*(b)* राजस्व विभाग

*(c)* व्यय विभाग

*(d)* विनिवेश विभाग

**59.** जून 2015 में भूमि सीमा करार पर हस्ताक्षर कर भारत ने निम्नलिखित देशों में से किस एक के साथ अपनी सीमा का परिनिर्धारण किया है?

*(a)* बांग्लादेश

*(b)* म्यांमार

*(c)* भूटान

*(d)* पाकिस्तान

**60.** लोक सभा एवं राज्य सभा द्वारा पारित किसी विधेयक पर राष्ट्रपति की अनुमति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राष्ट्रपति किसी विधेयक पर अनुमति दे सकता है या उसे रोक सकता है।
2. संविधान संशोधन विधेयक पर अनुमति देने के लिए राष्ट्रपति आबद्ध नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** Which one of the following statements with regard to Motions in Lok Sabha is ***not*** correct?

*(a)* Subsidiary Motions do not depend upon or relate to other motions or emerge from some proceedings in the House.

*(b)* Subsidiary Motions are divided into Ancillary Motions, Superseding Motions and Amendments.

*(c)* Ancillary Motions are motions which are recognized by the practice of the House as the regular way of proceedings with various kinds of business.

*(d)* Superseding Motions are moved in the course of the debate on another question and seek to supersede that question.

**62.** Which one of the following information ***cannot*** be refused under the Right to Information Act, 2005?

*(a)* Information relating to intellectual property whose disclosure is not in larger public interest

*(b)* Information which might impede the process of apprehension of offenders

*(c)* Information obtained by a person in his fiduciary relationship, the disclosure of which is not in larger public interest

*(d)* Reasons concerning the decisions of Council of Ministers except those concerning matters which have been exempted under Section 8

**63.** Which one of the following is ***not*** correct in the context of vocational education in India?

*(a)* There is a lot of variation across States in the percentage of population having acquired skills through vocational education

*(b)* All States in India have performed poorly in spreading vocational education

*(c)* The National Knowledge Commission (NKC) has recommended expansion and redesigning of vocational education

*(d)* The mid-term appraisal of the Eleventh Five-Year Plan emphasized the need for appropriate certification by accrediting agencies

**64.** Consider the following statements relating to Amendments in Lok Sabha :

1. An amendment is a Subsidiary Motion.
2. An amendment may relate to a clause of a bill, resolution or motion.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** लोक सभा में प्रस्तावों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) समनुषंगी प्रस्ताव अन्य प्रस्तावों पर निर्भर नहीं होते या उनसे संबंध नहीं रखते या सदन की कुछ कार्यवाहियों से उद्भूत नहीं होते।

(b) समनुषंगी प्रस्ताव अनुषंगी प्रस्तावों, अधिक्रमण प्रस्तावों और संशोधनों में विभाजित किए जाते हैं।

(c) अनुषंगी प्रस्ताव ऐसे प्रस्ताव हैं जिन्हें सदन की परिपाटी द्वारा विभिन्न प्रकार के कारबार की कार्यवाहियों का समुचित तरीका माना गया है।

(d) किसी अन्य प्रश्न पर विचार-विमर्श के दौरान अधिक्रमण प्रस्ताव रखे जाते हैं और वे उस प्रश्न का अधिक्रमण करना चाहते हैं।

**62.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन, निम्नलिखित में से कौन-सी एक सूचना को देने से इंकार **नहीं** किया जा सकता?

(a) बौद्धिक संपदा से संबंधित सूचना, जिसका प्रकटन व्यापक लोक हित में नहीं है

(b) सूचना, जो अपराधियों को पकड़ने की प्रक्रिया में अड़चन डाले

(c) किसी व्यक्ति द्वारा उसके वैश्वासिक संबंध में प्राप्त की गयी सूचना, जिसका प्रकटन व्यापक लोक हित में नहीं है

(d) मंत्रिपरिषद् के निर्णयों से संबंधित कारण, सिवाय उन कारणों के जो धारा 8 के अधीन छूट-प्राप्त विषयों से संबंधित हैं

**63.** भारत में व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से कौशल-प्राप्त जनसंख्या की प्रतिशतता में राज्यवार रूप से अत्यधिक विभिन्नता है

(b) व्यावसायिक शिक्षा के प्रसार में भारत में सभी राज्यों का निष्पादन अपर्याप्त रहा है

(c) राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (NKC) ने व्यावसायिक शिक्षा के विस्तार तथा पुनरभिकल्प की सिफारिश की है

(d) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के मध्यावधि मूल्यांकन में प्रत्यायनकर्ता अभिकरणों द्वारा उपयुक्त अभिप्रमाणन की आवश्यकता पर बल दिया गया

**64.** लोक सभा में संशोधनों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संशोधन एक समनुषंगी प्रस्ताव होता है।
2. संशोधन किसी विधेयक के खंड, संकल्प या प्रस्ताव से संबंधित हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** Consider the following statements relating to Lok Sabha :

1. A Motion of No-Confidence can be moved only against the Council of Ministers as a whole but not against any individual minister.
2. There is nothing in the rule either for or against a Censure Motion being moved against a single minister under rules relating to motions in general.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**66.** Under the Constitution of India

1. certain Fundamental Duties have been imposed on all citizens of India
2. laws made to give effect to Directive Principles of State Policy can override the Fundamental Rights under Articles 14 and 19
3. children between 12–14 years of age can be employed for all kinds of work

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**67.** Consider the following statements about No-Day-Yet-Named Motions in Lok Sabha :

1. Where notices of a Government motion and a private members' motion are received on the same subject, the Government motion is admitted and the private members' motion is disallowed.
2. A copy of the motion is forwarded to the Minister concerned as well as the Minister of Parliamentary Affairs.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**68.** Consider the following statements about Censure Motion :

1. No leave of the House is required to move a Censure Motion.
2. It is in the discretion of the Government to find time and to fix a date for its discussion.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

65. लोक सभा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई अविश्वास प्रस्ताव केवल संपूर्ण मंत्रिपरिषद् के विरुद्ध चलाया जा सकता है किंतु व्यक्तिशः किसी मंत्री के विरुद्ध नहीं।
2. सामान्य रूप से प्रस्तावों से संबंधित नियमों के अधीन किसी एक मंत्री के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव चलाने के पक्ष में या विपक्ष में, कुछ भी नियम में नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

66. भारत के संविधान के अधीन

1. कुछ मूल कर्तव्य भारत के सभी नागरिकों पर अधिरोपित किए गए हैं
2. राज्य की नीति के निदेशक तत्वों को प्रभावी करने के लिए बनायी गयी विधियाँ अनुच्छेद 14 और 19 के अधीन मूल अधिकारों पर अध्यारोही हो सकती हैं
3. 12–14 वर्ष के बीच की आयु वाले बच्चों को सभी प्रकार के कार्य के लिए लगाया जा सकता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

67. लोक सभा में अनियत दिन प्रस्तावों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जब एक ही विषय पर सरकारी प्रस्ताव एवं गैर-सरकारी सदस्य के प्रस्ताव की सूचनाएँ प्राप्त होती हैं, तो सरकारी प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया जाता है और गैर-सरकारी सदस्य के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया जाता है।
2. प्रस्ताव की एक प्रति संबंधित मंत्री को और संसदीय कार्य मंत्री को भी अग्रसारित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

68. निंदा प्रस्ताव के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निंदा प्रस्ताव रखने के लिए सदन की इजाजत की आवश्यकता नहीं है।
2. यह सरकार के विवेक में है कि समय निकाले और इस पर चर्चा के लिए तिथि तय करे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**69.** Under the Right to Information Act, 2005, an Information Commissioner can be removed from his office, if he

1. has been convicted of an offence involving moral turpitude
2. is unfit to continue in office by reason of his mental infirmity
3. has acquired a financial interest which is likely to prejudicially affect his functions

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Any of the above three grounds

*(d)* 3 only

**70.** Which one of the following statements is correct under the Right to Information Act, 2005?

*(a)* An Information Commissioner can carry on his usual profession.

*(b)* An Information Commissioner can be a member of any political party.

*(c)* An Information Commissioner can be a member of Legislative Assembly of a Union Territory.

*(d)* An Information Commissioner can be removed from his office only by the President of India.

**71.** Which of the following interventions is/are supported under the Rashtriya Madhyamik Siksha Abhiyan (RMSA)?

1. Upgrading of upper primary schools to secondary schools
2. Providing in-service training for teachers
3. Providing for major repairs of school buildings and residential quarters for teachers

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**72.** Which one of the following is ***not*** a part of the responsibility of the Department of Defence Production?

*(a)* Defence Public Sector Undertakings

*(b)* Ordnance Factory Board

*(c)* Defence Quality Assurance Organization

*(d)* Advising the Defence Minister on the impact of developments in science and technology on national security

**73.** Which one of the following is ***not*** under the administrative control of the Ministry of Home Affairs?

*(a)* Assam Rifles

*(b)* Coast Guard

*(c)* National Security Guard

*(d)* Sashastra Seema Bal

Prepp
Your Personal Exams Guide

**69.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन किसी सूचना आयुक्त को उसके पद से हटाया जा सकता है, यदि

1. उसे नैतिक अधमता के अपराध में सिद्धदोष किया गया है
2. वह अपने मानसिक दौर्बल्य के कारण पद पर बने रहने के अयोग्य है
3. उसे कोई वित्तीय लाभ अर्जित हुआ है जिससे उसके कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* उपर्युक्त तीन आधारों में से कोई भी

*(d)* केवल 3

**70.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* सूचना आयुक्त अपना सामान्य व्यवसाय जारी रख सकता है।

*(b)* सूचना आयुक्त किसी राजनीतिक दल का सदस्य हो सकता है।

*(c)* सूचना आयुक्त किसी संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा का सदस्य हो सकता है।

*(d)* सूचना आयुक्त को केवल भारत के राष्ट्रपति द्वारा ही उसके पद से हटाया जा सकता है।

**71.** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) के अधीन निम्नलिखित अंतःक्षेपों में से कौन-सा/से समर्थित है/हैं?

1. उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालयों में उन्नत करना
2. शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण उपलब्ध कराना
3. विद्यालय भवनों की बड़ी मरम्मतें कराना और शिक्षकों के लिए आवास-गृह उपलब्ध कराना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, रक्षा उत्पादन विभाग के उत्तरदायित्व का भाग **नहीं** है?

*(a)* रक्षा सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रम

*(b)* आयुध निर्माणी बोर्ड

*(c)* रक्षा गुणता आश्वासन संगठन

*(d)* राष्ट्रीय सुरक्षा पर विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विकास के प्रभाव के विषय में रक्षा मंत्री को सलाह देना

**73.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन **नहीं** है?

*(a)* असम राइफल्स

*(b)* तट रक्षक

*(c)* राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड

*(d)* सशस्त्र सीमा बल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**74.** Which one of the following is ***not*** associated with 25th of December?

(a) Birth of Madan Mohan Malaviya

(b) Birth of Atal Bihari Vajpayee

(c) Pravasi Bharatiya Divas

(d) Good Governance Day

**75.** The Legislative Assembly of Delhi ***cannot*** make law on

(a) land

(b) water

(c) agriculture

(d) prison

**76.** Consider the following statements relating to grant of leave of the House of the People for moving a No-Confidence Motion :

1. The Speaker calls upon members who are in favour of leave being granted to rise in their seats.
2. Leave is deemed to be granted by the House if not less than fifty-five members rise.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**77.** Under the Right to Information Act, 2005

1. an appeal against the decision of the Public Information Officer can be preferred before the appellate authority within thirty days of receipt of the decision
2. second appeal against the decision of the appellate authority lies within ninety days from the date on which the decision was received

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**78.** The time span of the Twelfth Five-Year Plan is/was

(a) 2007–08 to 2011–12

(b) 2012–13 to 2016–17

(c) 2015–16 to 2019–20

(d) 2013–14 to 2017–18

**79.** Matters related to the Central Vigilance Commission are dealt with by

(a) Ministry of Law and Justice

(b) Ministry of Home Affairs

(c) Cabinet Secretariat

(d) None of the above

**80.** Which one of the following statements is correct?

(a) India has a Chief of Defence Staff.

(b) India has a permanent Chairman of the Chiefs of Staff Committee.

(c) India has a Chairman of the Chiefs of Staff Committee.

(d) India has all the three mentioned above.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, 25 दिसम्बर से संबद्ध **नहीं** है?

*(a)* मदन मोहन मालवीय का जन्म

*(b)* अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म

*(c)* प्रवासी भारतीय दिवस

*(d)* सुशासन दिवस

**75.** दिल्ली की विधान सभा किसके विषय में विधि **नहीं** बना सकती?

*(a)* भूमि

*(b)* जल

*(c)* कृषि

*(d)* कारागार

**76.** किसी अविश्वास प्रस्ताव के रखे जाने के लिए लोक सभा की अनुमति प्रदान किए जाने के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अध्यक्ष उन सदस्यों से, जो अनुमति प्रदान किए जाने के पक्ष में हैं, अपने स्थान पर खड़े होने का आह्वान करता है।
2. सदन द्वारा अनुमति प्रदान की हुई मानी जाती है यदि कम-से-कम पचपन सदस्य खड़े हों।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**77.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन

1. किसी लोक सूचना प्राधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील, निर्णय की प्राप्ति के तीस दिनों के अन्दर अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है
2. अपीलीय प्राधिकारी के निर्णय के विरुद्ध द्वितीय अपील, निर्णय प्राप्त होने की तिथि से नब्बे दिनों के अन्दर ही होती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**78.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना की समयावधि कितनी है/थी?

*(a)* 2007–08 से 2011–12 तक

*(b)* 2012–13 से 2016–17 तक

*(c)* 2015–16 से 2019–20 तक

*(d)* 2013–14 से 2017–18 तक

**79.** केंद्रीय सतर्कता आयोग से संबंधित मामले किसके द्वारा निपटाये जाते हैं?

*(a)* विधि एवं न्याय मंत्रालय

*(b)* गृह मंत्रालय

*(c)* मंत्रिमंडल सचिवालय

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

*(a)* भारत का एक चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ है।

*(b)* भारत का एक सेनाध्यक्षों की समिति का स्थायी अध्यक्ष (परमानेंट चेयरमैन ऑफ द चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी) है।

*(c)* भारत का एक सेनाध्यक्षों की समिति का अध्यक्ष (चेयरमैन ऑफ द चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी) है।

*(d)* भारत के उपर्युक्त सभी तीनों हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** Consider the following statements about statement by a minister who has resigned :

1. A member who has resigned the office of minister may, with the consent of the Speaker, make a personal statement in the House in explanation of his resignation.

2. No such statement can be made in the House by a minister who is not a Member of Lok Sabha.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**82.** Under the Right to Information Act, 2005, the Central Information Commission has power to

1. receive and inquire into any complaint from any person regarding refusal to access any information requested under the Act

2. require a public authority to compensate the complainant for any loss suffered by him

3. impose punishment of not more than three months imprisonment on a Public Information Officer who has unjustifiably refused information

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 3 only

**83.** Which one of the following is ***not*** an implication of subsidies offered by the Government?

*(a)* Subsidies are a drain on the resources of the Government

*(b)* Subsidies tend to make the commodity or service cheaper than what it would have been

*(c)* Subsidies often have environmental implications

*(d)* Subsidies make the market more efficient

**84.** The Lieutenant Governor of Delhi can

*(a)* appoint Ministers for National Capital Territory of Delhi

*(b)* promulgate an Ordinance on his own when the Legislative Assembly of Delhi is not in session

*(c)* send a report to the President of India that for proper administration of the National Capital Territory of Delhi it is necessary to suspend the provisions of Article 239-AA of the Constitution, indicating failure of constitutional machinery

*(d)* dismiss the Chief Minister along with his other ministers

**81.** किसी मंत्री द्वारा, जिसने त्यागपत्र दे दिया है, कथन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई सदस्य, जिसने मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया है, अध्यक्ष की सहमति से अपने त्यागपत्र के स्पष्टीकरण में सदन में कोई व्यक्तिगत कथन कर सकता है।

2. किसी मंत्री द्वारा, जो लोक सभा का सदस्य नहीं है, सदन में ऐसा कोई कथन नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**82.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन, केंद्रीय सूचना आयोग की शक्ति है कि

1. इस अधिनियम के अधीन माँगी गयी कोई सूचना सुलभ कराने से इंकार करने के संबंध में किसी व्यक्ति से कोई शिकायत प्राप्त करे और उसकी जाँच करे

2. शिकायतकर्ता को हुई किसी हानि की क्षतिपूर्ति करने के लिए किसी लोक प्राधिकारी से अपेक्षा करे

3. किसी लोक सूचना अधिकारी पर, जिसने सूचना देने से अनुचित रूप से इंकार किया हो, दंड अधिरोपित करे, जो तीन महीने के कारावास से अधिक न हो

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 3

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, सरकार द्वारा दिए जाने वाले उपदानों का निहितार्थ **नहीं** है?

*(a)* उपदान सरकार के संसाधनों के अपवाह हैं

*(b)* उपदानों की प्रवृत्ति वस्तु या सेवा को, उसकी जो लागत होती, उससे सस्ती बनाने की होती है

*(c)* उपदानों के प्रायः पर्यावरणीय निहितार्थ होते हैं

*(d)* उपदान बाजार को अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी बनाते हैं

**84.** दिल्ली का उपराज्यपाल (लेफ्टिनैंट गवर्नर)

*(a)* दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के मंत्रियों की नियुक्ति कर सकता है

*(b)* जब दिल्ली विधान सभा का सत्र न चल रहा हो, तो अपने-आप से अध्यादेश प्रख्यापित कर सकता है

*(c)* भारत के राष्ट्रपति को, संवैधानिक तंत्र की विफलता को दर्शाते हुए, यह रिपोर्ट भेज सकता है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के समुचित प्रशासन के लिए यह आवश्यक है कि संविधान के अनुच्छेद 239-AA के उपबंधों को निलंबित किया जाए

*(d)* मुख्यमंत्री को उसके अन्य मंत्रियों के साथ बरखास्त कर सकता है

Prepp
Your Personal Exams Guide

**85.** Under the Constitution of India

1. the President is required to act on the aid and advice of the Council of Ministers

2. the Governor of a State has some discretionary powers

3. the Chief Minister of National Capital Territory of Delhi is appointed to aid and advise the Lieutenant Governor of Delhi in the exercise of his functions in relation to matters with respect of which the Legislative Assembly has power to make laws except in respect of discretionary functions

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 only

*(c)* 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**86.** The Tata Institute of Fundamental Research is under the administrative control of the Department of

*(a)* Space

*(b)* Defence Research and Development

*(c)* Higher Education

*(d)* Atomic Energy

**87.** The strategic dialogue between India and the US does ***not*** include which one of the following?

*(a)* Four 'pathfinder projects'

*(b)* Joint exercises

*(c)* Deployment of the Indian forces in Afghanistan

*(d)* Development of aircraft carrier technologies

Prepp
Your Personal Exams Guide

**85.** भारत के संविधान के अधीन

1. राष्ट्रपति से अपेक्षित होता है कि वह मंत्रिपरिषद् की सहायता और सलाह से कार्य करे

2. राज्य के राज्यपाल के पास कुछ वैवेकिक शक्तियाँ होती हैं

3. दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के मुख्यमंत्री को, अपने कृत्यों के निर्वहन में दिल्ली के उपराज्यपाल को, वैवेकिक कृत्यों के सिवाय उन विषयों के संबंध में, जिनकी बाबत विधान सभा को विधि बनाने की शक्ति है, सहायता और सलाह देने के लिए नियुक्त किया जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 3

*(d)* 1, 2 और 3

**86.** टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान किस विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है?

*(a)* अंतरिक्ष

*(b)* रक्षा अनुसंधान और विकास

*(c)* उच्च शिक्षा

*(d)* परमाणु ऊर्जा

**87.** भारत और यू० एस० के बीच सामरिक संवाद में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सम्मिलित **नहीं** है?

*(a)* चार 'पाथफाइंडर प्रोजेक्ट्स'

*(b)* संयुक्त अभ्यास

*(c)* अफगानिस्तान में भारतीय बलों का परिनियोजन

*(d)* विमानवाहक पोत प्रौद्योगिकी का विकास

Prepp
Your Personal Exams Guide

**88.** Which one of the following statements is ***incorrect***?

*(a)* The principle of adult suffrage is contained under Article 326 of the Constitution of India.

*(b)* Adult suffrage means eighteen years of age of a person on a specified date.

*(c)* Every citizen of India who is not less than eighteen years of age has a right to vote and contest all elections held by the Election Commission of India.

*(d)* A citizen of India above eighteen years of age may be disqualified to contest elections on the ground of non-residence.

**89.** Which of the following statements relating to the Chief Whip of Lok Sabha is/are correct?

1. Chief Whip of the Government Party in Lok Sabha is the Minister of Parliamentary Affairs.
2. Chief Whip of the Government Party in Lok Sabha is directly responsible to the Speaker.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**90.** Which one of the following statements with regard to the Right to Information Act, 2005 is ***not*** correct?

*(a)* The Act has an overriding effect.

*(b)* The jurisdiction of civil courts is barred in respect of any order made under the Act.

*(c)* No suit, prosecution or other legal proceeding shall lie against any person for anything done by him under the Act.

*(d)* The Act does not apply to Narcotics Control Bureau.

**91.** According to the Twelfth Five-Year Plan document, which one of the following is ***not*** an achievement of the Eleventh Five-Year Plan?

*(a)* Growth rate of the Gross Domestic Product (GDP) was higher than that under the Tenth Five-Year Plan

*(b)* Growth rate of agriculture sector was higher than that under the Tenth Five-Year Plan

*(c)* Rural wage rate did not improve over that under the Tenth Five-Year Plan

*(d)* Rate of unemployment came down in 2009–10 from that in 2004–05

Prepp
Your Personal Exams Guide

**88.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक **गलत** है?

*(a)* वयस्क मताधिकार का सिद्धांत भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 में अंतर्विष्ट है।

*(b)* वयस्क मताधिकार का अर्थ है किसी व्यक्ति का किसी नियत तारीख को अठारह वर्ष की आयु का होना।

*(c)* भारत के प्रत्येक नागरिक को, जो अठारह वर्ष की आयु से कम का नहीं है, भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जाने वाले सभी निर्वाचनों में मतदान करने और प्रत्याशी होने का अधिकार है।

*(d)* अठारह वर्ष की आयु से अधिक के भारत के किसी नागरिक को अनिवास के आधार पर निर्वाचनों में प्रत्याशी होने से निरर्हित किया जा सकता है।

**89.** लोक सभा के मुख्य सचेतक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. लोक सभा में सरकारी दल का मुख्य सचेतक संसदीय कार्य मंत्री है।
2. लोक सभा में सरकारी दल का मुख्य सचेतक प्रत्यक्ष रूप से अध्यक्ष के प्रति उत्तरदायी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**90.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* इस अधिनियम का अध्यारोही प्रभाव है।

*(b)* इस अधिनियम के अधीन किए गए किसी आदेश के बारे में सिविल न्यायालयों की अधिकारिता वर्जित है।

*(c)* इस अधिनियम के अधीन किसी व्यक्ति द्वारा किए गए किसी कार्य के लिए उसके विरुद्ध कोई वाद, अभियोजन या कोई और विधिक कार्यवाही नहीं होगी।

*(d)* यह अधिनियम स्वापक नियंत्रण ब्यूरो पर लागू नहीं होता।

**91.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना दस्तावेज के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी एक, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की उपलब्धि **नहीं** है?

*(a)* सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की संवृद्धि दर, दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत की संवृद्धि दर से अधिक थी

*(b)* कृषि क्षेत्रक की संवृद्धि दर; दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत की संवृद्धि दर से अधिक थी

*(c)* ग्रामीण मजदूरी दर में दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत की ग्रामीण मजदूरी दर से अभिवृद्धि नहीं हुई

*(d)* 2009–10 में बेरोजगारी दर, 2004–05 की बेरोजगारी दर से कम हो गयी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**92.** Which one of the following statements with respect to Union Public Service Commission is correct?

*(a)* A member holds office for five years.

*(b)* A member retires at the age of sixty-two years.

*(c)* A retired member is eligible for reappointment to that office.

*(d)* Under Article 317(1) of the Constitution of India, a member can be removed from his office only on the ground of misbehaviour.

**93.** Development of manganese and chrome ore mines is the responsibility of the Ministry of

*(a)* Mines

*(b)* Steel

*(c)* Power

*(d)* Earth Sciences

**94.** India's first Indigenous Aircraft Carrier (IAC) built at the Cochin Shipyard Limited was launched in 2013 as

*(a)* INS Viraat

*(b)* INS Vikramaditya

*(c)* INS Vikrant

*(d)* None of the above

**95.** Which of the following statements relating to the Prime Minister and Council of Ministers is/are correct?

1. After a general election to Lok Sabha, the Prime Minister and other ministers are appointed and administered oaths of office and of secrecy before the new Lok Sabha holds its first sitting.

2. The Prime Minister and other ministers have also to make and subscribe oath or affirmation as Members of Parliament in the House to which they belong.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**92.** संघ लोक सेवा आयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* इसका सदस्य पाँच वर्ष के लिए पद धारण करता है।

*(b)* इसका सदस्य बासठ वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त हो जाता है।

*(c)* इसका सेवानिवृत्त सदस्य उसी पद के लिए पुनः नियुक्त होने का पात्र होता है।

*(d)* भारत के संविधान के अनुच्छेद 317(1) के अधीन, इसके सदस्य को केवल कदाचार के आधार पर उसके पद से हटाया जा सकता है।

**93.** मैंगनीज और क्रोम अयस्क खानों का विकास किस मंत्रालय का दायित्व है?

*(a)* खान मंत्रालय

*(b)* इस्पात मंत्रालय

*(c)* विद्युत् मंत्रालय

*(d)* पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

**94.** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में निर्मित भारत के प्रथम देशज विमानवाहक पोत (IAC) का 2013 में किस नाम से जलावतरण किया गया?

*(a)* INS विराट

*(b)* INS विक्रमादित्य

*(c)* INS विक्रांत

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद् से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. लोक सभा के साधारण निर्वाचन के बाद, नयी लोक सभा की प्रथम बैठक से पहले, प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति की जाती है और उन्हें पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई जाती है।

2. प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों को संसद के उस सदन में भी जिसके वे सदस्य हैं, संसद सदस्य के रूप में शपथ लेनी होती है या प्रतिज्ञान करना होता है और उस पर अपने हस्ताक्षर करने होते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**96.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* A member who protests against the ruling of the Speaker commits contempt of the House and the Speaker.

*(b)* The Speaker is bound to give reasons for his decisions.

*(c)* Observations made by the Speaker in the House cannot be interpreted in private correspondence.

*(d)* The Speaker is not bound to lay on the Table of the House any communication or representation received by him.

**97.** The Central Information Commission has ***no*** power

*(a)* of a civil court in receiving evidence on affidavit

*(b)* in entertaining directly an application for information

*(c)* to issue summons for examination of witnesses

*(d)* to decide reasonableness of fee decided by the Public Information Officer for supplying information

**98.** Public Interest Litigation ***cannot*** be filed

*(a)* before a High Court

*(b)* in respect of a service matter, except for a writ of quo warranto

*(c)* to get a crime investigated by CBI

*(d)* by a person who is not aggrieved

**99.** Which of the following are the major heads of central plan outlay in recent years (say 2013–14)?

*(a)* Social services, energy and transport

*(b)* Economic services, industry & minerals, and communication

*(c)* General services, rural development, and agriculture & allied activities

*(d)* Science, technology and environment, and irrigation & flood control

**100.** Which one of the following is ***not*** administratively controlled by the Department of Internal Security?

*(a)* Rashtriya Rifles

*(b)* Indo-Tibetan Border Police

*(c)* Border Security Force

*(d)* Central Industrial Security Force

Prepp
Your Personal Exams Guide

**96.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* कोई सदस्य जो अध्यक्ष के विनिर्णय के विरुद्ध अभ्यापत्ति करता है, सदन और अध्यक्ष की अवमानना करता है।

*(b)* अध्यक्ष अपने निर्णयों के कारण देने के लिए आबद्ध है।

*(c)* सदन में अध्यक्ष द्वारा किए गए प्रेक्षणों का निजी पत्राचार में निर्वचन नहीं किया जा सकता।

*(d)* अध्यक्ष, उसके द्वारा प्राप्त की गयी किसी संसूचना या अभ्यावेदन को, सदन के पटल पर रखने के लिए आबद्ध नहीं है।

**97.** केंद्रीय सूचना आयोग को

*(a)* शपथ-पत्र पर साक्ष्य ग्रहण करने की सिविल न्यायालय की कोई शक्ति **नहीं** है

*(b)* सूचना के लिए सीधे आवेदन ग्रहण करने की कोई शक्ति **नहीं** है

*(c)* साक्षियों की परीक्षा के लिए समन जारी करने की कोई शक्ति **नहीं** है

*(d)* लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना प्रदान करने के लिए विनिश्चित शुल्क की युक्तियुक्तता का निर्णय करने की कोई शक्ति **नहीं** है

**98.** लोक हित याचिका दाखिल **नहीं** की जा सकती

*(a)* उच्च न्यायालय के सामने

*(b)* किसी सेवा मामले के संदर्भ में, सिवाय अधिकार-पृच्छा रिट के

*(c)* किसी अपराध का CBI द्वारा अन्वेषण कराने के लिए

*(d)* उस व्यक्ति द्वारा, जो व्यथित न हो

**99.** निम्नलिखित में से कौन-से, हाल के वर्षों (मान लीजिए 2013–14) में केंद्रीय परियोजना व्यय के मुख्य शीर्ष हैं?

*(a)* सामाजिक सेवाएँ, ऊर्जा और परिवहन

*(b)* आर्थिक सेवाएँ, उद्योग और खनिज तथा संचार

*(c)* सामान्य सेवाएँ, ग्रामीण विकास और कृषि तथा संबद्ध क्रियाकलाप

*(d)* विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, आंतरिक सुरक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में **नहीं** है?

*(a)* राष्ट्रीय राइफल्स

*(b)* भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

*(c)* सीमा सुरक्षा बल

*(d)* केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

Prepp
Your Personal Exams Guide

**101.** The report submitted by the Comptroller and Auditor General of India to Parliament in May 2015 highlights shortage of ammunition with

*(a)* Indian Army

*(b)* Indian Navy

*(c)* Indian Air Force

*(d)* All of the above

**102.** Who has power to make law in respect of a residuary matter?

*(a)* Legislature of a State

*(b)* Parliament

*(c)* Both Parliament as well as Legislature of a State

*(d)* The President of India

**103.** Who determines the question as to whether a Member of Lok Sabha has become subject to disqualification on the ground of defection in terms of Tenth Schedule of the Constitution?

*(a)* The Speaker of Lok Sabha

*(b)* The President of India

*(c)* The Supreme Court of India

*(d)* The Election Commission of India

**104.** Which of the following statements relating to the Speaker of Lok Sabha are correct?

1. He determines whether there is a *prima facie* case for a matter relating to breach of privilege or contempt of the House.
2. He uses his discretion to allot the days and to fix the duration for which the Budget, the Appropriation Bill and the Finance Bill are to be discussed by the House.
3. He is the supreme controller of all Parliamentary committees.
4. He decides on the admissibility of resolutions and motions.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2, 3 and 4 only

*(c)* 1, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**105.** The purpose of the Right to Information Act, 2005 is to

*(a)* punish corrupt persons

*(b)* imprison dishonest civil servants

*(c)* promote transparency and accountability

*(d)* protect civil servants

Prepp
Your Personal Exams Guide

**101.** मई 2015 में भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा संसद में प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट किसके पास गोला-बारूद की कमी होने पर प्रकाश डालती है?

*(a)* भारतीय थल-सेना

*(b)* भारतीय नौसेना

*(c)* भारतीय वायु-सेना

*(d)* उपर्युक्त सभी

**102.** अवशिष्ट मामले के बारे में विधि बनाने की शक्ति है

*(a)* राज्य के विधानमंडल को

*(b)* संसद को

*(c)* संसद और राज्य के विधानमंडल, दोनों को

*(d)* भारत के राष्ट्रपति को

**103.** कौन यह प्रश्न अवधारित करता है कि संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुसार कोई लोक सभा का सदस्य दल-बदल के आधार पर निरर्हता के अधीन हो गया है?

*(a)* लोक सभा का अध्यक्ष

*(b)* भारत का राष्ट्रपति

*(c)* भारत का उच्चतम न्यायालय

*(d)* भारत का निर्वाचन आयोग

**104.** लोक सभा अध्यक्ष के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

1. वह अवधारित करता है कि विशेषाधिकार भंग या सदन की अवमानना से संबंधित किसी विषय के लिए कोई प्रथमदृष्ट्या मामला है या नहीं।
2. वह बजट, विनियोग विधेयक और वित्त विधेयक पर सदन में चर्चा के लिए अपने विवेकाधिकार का उपयोग कर दिनों का आबंटन और अवधि निर्धारित करता है।
3. वह सभी संसदीय समितियों का सर्वोच्च नियंत्रक है।
4. वह संकल्पों और प्रस्तावों की ग्राह्यता के विषय में विनिश्चय करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2, 3 और 4

*(c)* केवल 1, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**105.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का क्या प्रयोजन है?

*(a)* भ्रष्ट व्यक्तियों को दंडित करना

*(b)* बेईमान सिविल सेवकों को कारावासित करना

*(c)* पारदर्शिता और उत्तरदायित्व का संवर्धन करना

*(d)* सिविल सेवकों का संरक्षण करना

Prepp
Your Personal Exams Guide

106. Which one of the following statements pertaining to penalty under the Right to Information Act, 2005 is ***not*** correct?

*(a)* The refusal to receive an application for supplying information without any reasonable cause may entail a fine of ₹ 250 per day with a maximum of ₹ 25,000.

*(b)* The refusal to supply information without any reasonable cause may entail a fine of ₹ 250 per day with a maximum of ₹ 25,000.

*(c)* Supplying wrong information may entail a fine of ₹ 250 per day with a maximum of ₹ 25,000.

*(d)* The refusal to receive an application for supplying information or refusing information may entail a fine of ₹ 25,000.

107. A High Court has power to

1. enforce Fundamental Rights
2. decide disputes between States
3. enforce other legal rights

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 3 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

108. Special Category States (SCS) as a concept, is based on which of the following features?

1. Hilly and difficult terrain
2. Strategic location along borders with neighbouring countries
3. Economic and infrastructural backwardness
4. Non-viable nature of State finances

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 3 and 4 only

*(c)* 1, 2 and 3 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

109. The Ministry of Development of North-Eastern Region (NER) is ***not*** responsible for

*(a)* Hill Area Development Programme in NER

*(b)* Non-lapsable Fund for NER

*(c)* North-Eastern Council

*(d)* North-Eastern Space Applications Centre

110. The cap on Foreign Direct Investment (FDI) in defence was raised in 2014 to

*(a)* 26 per cent

*(b)* 49 per cent

*(c)* 51 per cent

*(d)* 76 per cent

Prepp
Your Personal Exams Guide

**106.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन शास्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

*(a)* सूचना प्रदान करने के लिए किए गए आवेदन को लेने से, बिना किसी युक्तियुक्त कारण के, इंकार करने पर ₹ 250 प्रतिदिन का जुर्माना लगाया जा सकता है जो अधिकतम ₹ 25,000 होगा।

*(b)* सूचना प्रदान करने से, बिना किसी युक्तियुक्त कारण के, इंकार करने पर ₹ 250 प्रतिदिन जुर्माना हो सकता है जो अधिकतम ₹ 25,000 होगा।

*(c)* गलत सूचना प्रदान करने पर ₹ 250 प्रतिदिन जुर्माना हो सकता है जो अधिकतम ₹ 25,000 होगा।

*(d)* सूचना प्रदान करने के लिए किए गए आवेदन को लेने से इंकार करने या सूचना देने से इंकार करने पर ₹ 25,000 जुर्माना हो सकता है।

**107.** किसी उच्च न्यायालय के पास

1. मूल अधिकारों का प्रवर्तन कराने की शक्ति है
2. राज्यों के बीच विवादों का विनिश्चय करने की शक्ति है
3. अन्य विधिक अधिकारों का प्रवर्तन कराने की शक्ति है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**108.** एक संकल्पना के रूप में विशेष कोटि के राज्य (SCS) निम्नलिखित में से किन विशेषताओं पर आधारित है?

1. पहाड़ी एवं दुर्गम भूभाग
2. पड़ोसी देशों की सीमाओं के साथ-साथ सामरिक अवस्थिति
3. आर्थिक एवं अवसंरचनात्मक पिछड़ापन
4. राज्य की वित्तीय व्यवस्था का अव्यवहार्य स्वरूप

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 3 और 4

*(c)* केवल 1, 2 और 3

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**109.** उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (NER) विकास मंत्रालय किसके लिए उत्तरदायी **नहीं** है?

*(a)* NER में पहाड़ी क्षेत्र विकास कार्यक्रम

*(b)* NER के लिए व्यपगत न होने वाली निधि

*(c)* उत्तर-पूर्वी परिषद्

*(d)* उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र

**110.** 2014 में रक्षा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) की सीमा बढ़ाकर कितनी कर दी गयी थी?

*(a)* 26 प्रतिशत

*(b)* 49 प्रतिशत

*(c)* 51 प्रतिशत

*(d)* 76 प्रतिशत

Prepp
Your Personal Exams Guide

**111.** Which of the following statements relating to Lok Sabha are correct?

1. The President summons and prorogues the House.
2. The Speaker determines the time when a sitting of the House is adjourned *sine die* or to a particular day.
3. The Speaker has the power to recognize parties and groups in the House.
4. The Election Commission has the power to recognize parties and groups in the House.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 3 only

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2 and 3 only

**112.** Which of the following are the major economic functions of Governments?

1. Increasing efficiency by promoting competition
2. Promoting equity by using tax and expenditure programme
3. Fostering macroeconomic stability and growth

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**113.** Which authority shall enquire into and decide the doubts and disputes arising out of or in connection with the election of the President and the Vice President of India?

*(a)* The Election Commission of India

*(b)* The Supreme Court of India

*(c)* Lok Sabha Secretariat

*(d)* Rajya Sabha Secretariat

**114.** Which of the following statements relating to the President/Vice President are correct?

1. The President may resign his office by writing under his hand addressed to the Chief Justice of India.
2. The President may resign his office by writing under his hand addressed to the Vice President of India.
3. The Vice President may resign his office by writing under his hand addressed to the President.
4. The Speaker of Lok Sabha may resign his office by writing under his hand addressed to the President.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 2, 3 and 4

*(d)* 1 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**111.** लोक सभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. राष्ट्रपति सदन को आहूत और उसका सत्रावसान करता है।
2. अध्यक्ष समय अवधारित करता है कि कब सदन की बैठक को अनिश्चित काल के लिए या किसी विशेष दिन तक स्थगित किया जाए।
3. अध्यक्ष को सदन में दलों और समूहों को मान्यता प्रदान करने की शक्ति है।
4. निर्वाचन आयोग को सदन में दलों और समूहों को मान्यता प्रदान करने की शक्ति है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 3

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 2 और 3

**112.** निम्नलिखित में से कौन-से, सरकारों के प्रमुख आर्थिक कृत्य हैं?

1. प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर दक्षता को बढ़ाना
2. कर और व्यय कार्यक्रम का प्रयोग कर साम्या को प्रोत्साहित करना
3. समष्टि-आर्थिक स्थिरता और वृद्धि को विकसित करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**113.** भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन से उत्पन्न या संसक्त शंकाओं और विवादों की जाँच तथा विनिश्चय कौन-सा प्राधिकरण करेगा?

*(a)* भारत का निर्वाचन आयोग

*(b)* भारत का उच्चतम न्यायालय

*(c)* लोक सभा सचिवालय

*(d)* राज्य सभा सचिवालय

**114.** राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पदत्याग कर सकेगा।
2. राष्ट्रपति, भारत के उपराष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पदत्याग कर सकेगा।
3. उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पदत्याग कर सकेगा।
4. लोक सभा का अध्यक्ष, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पदत्याग कर सकेगा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* 2, 3 और 4

*(d)* 1 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**115.** Which one of the following is ***not*** included in the responsibility of the Department of Defence?

(a) Hydrographic surveys and preparation of navigational charts

(b) Matters concerning diving and related activities in the country

(c) Matters related to National Remote Sensing Agency (NRSA)

(d) Remounts, veterinary and farms organization

**116.** Which one of the following steps has been recommended by Bibek Debroy Committee on restructuring of the Indian Railways in its interim report submitted in March 2015?

(a) Setting up an independent regulator to promote competition in the segment

(b) Gradual privatization of the Indian Railways

(c) Retention of the Railway Board in its present form

(d) Continuation of the system of railway budget being presented separately

**117.** Under the Constitution of India, a Panchayat need ***not*** be constituted at the

(a) village level

(b) district level

(c) intermediate level if the population of the State does not exceed fifty lakh

(d) intermediate level if the population of the State does not exceed twenty lakh

**118.** A civil servant can be dismissed, removed or reduced in rank without any inquiry and hearing, where

1. such action is taken on the ground of conduct which had led to his conviction on a criminal charge

2. the competent authority is satisfied that for some reasons, to be recorded by that authority in writing, it is not reasonably practicable to hold such inquiry

3. the competent authority finds it expedient to do so

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 2 only

**119.** Which one of the following statements is correct in relation to the proposed Goods and Services Tax (GST)?

(a) It will subsume Countervailing Duty, Octroi and Entry Tax.

(b) It will not subsume Luxury Tax.

(c) GST on supplies in the course of inter-State trade or commerce will be levied and collected by the State from where the supplies originate.

(d) A special tribunal will be set up for expeditious dispute resolution.

**120.** The present Lok Sabha is the

(a) Fourteenth Lok Sabha

(b) Fifteenth Lok Sabha

(c) Sixteenth Lok Sabha

(d) Seventeenth Lok Sabha

Prepp
Your Personal Exams Guide

**115.** रक्षा विभाग की जिम्मेदारी में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सम्मिलित **नहीं** है?

(a) जलराशिक सर्वेक्षण और नौसंचालन-संचित्र तैयार करना

(b) देश में गोताखोरी और संबद्ध क्रियाकलापों से संबंधित मामले

(c) राष्ट्रीय दूर संवेदन अभिकरण (NRSA) से संबद्ध मामले

(d) रिमाउंट, पशुचिकित्सा और फार्म संगठन

**116.** भारतीय रेलवे की पुनर्संरचना के विषय में बिबेक देबरॉय समिति की मार्च 2015 में प्रस्तुत अंतरिम रिपोर्ट में निम्नलिखित में से किस एक कदम की सिफारिश की गयी है?

(a) इस खंड में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए स्वतंत्र नियामक स्थापित करना

(b) भारतीय रेलवे का क्रमिक निजीकरण

(c) रेलवे बोर्ड को अपने वर्तमान स्वरूप में बनाए रखना

(d) रेलवे बजट अलग से प्रस्तुत किए जाने की प्रणाली को जारी रखना

**117.** भारत के संविधान के अधीन, पंचायत का कहाँ गठन किया जाना आवश्यक **नहीं** है?

(a) ग्राम स्तर पर

(b) जिला स्तर पर

(c) मध्यवर्ती स्तर पर, यदि राज्य की जनसंख्या पचास लाख से अधिक न हो

(d) मध्यवर्ती स्तर पर, यदि राज्य की जनसंख्या बीस लाख से अधिक न हो

**118.** किसी सिविल सेवक को बिना किसी जाँच और सुनवाई के पदच्युत किया जा सकता है, पद से हटाया जा सकता है अथवा पंक्ति में अवनत किया जा सकता है, जब

1. ऐसी कार्रवाई ऐसे आचरण के आधार पर की जाती है, जिसके लिए उसे आपराधिक आरोप पर सिद्धदोष ठहराया गया था
2. सक्षम प्राधिकारी संतुष्ट है कि कुछ कारणों से, जिन्हें उस प्राधिकारी द्वारा अभिलिखित किया जाना है, यह युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य नहीं है कि ऐसी जाँच की जाए
3. सक्षम प्राधिकारी को लगता है कि ऐसा करना समीचीन है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 2

**119.** प्रस्तावित वस्तु और सेवा कर (GST) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) इसमें प्रतिशुल्क, चुंगी और प्रवेश-कर शामिल होगा।

(b) इसमें विलास-कर शामिल नहीं होगा।

(c) अंतर्राज्य व्यापार या वाणिज्य के क्रम में होने वाली पूर्तियों पर GST का उस राज्य द्वारा उद्ग्रहण एवं संग्रहण किया जाएगा जहाँ पूर्तियाँ उद्भूत होती हैं।

(d) विवादों के शीघ्र समाधान के लिए एक विशेष अधिकरण की स्थापना की जाएगी।

**120.** वर्तमान लोक सभा है

(a) चौदहवीं लोक सभा

(b) पंद्रहवीं लोक सभा

(c) सोलहवीं लोक सभा

(d) सत्रहवीं लोक सभा

## SPACE FOR ROUGH WORK

Prepp
Your Personal Exams Guide

SPACE FOR ROUGH WORK

★ ★ ★

Prepp
Your Personal Exams Guide

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : B–RP/WX–O–AA**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

**क्रम संख्या** 0001997

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र—I

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 150**

## अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.